कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022 **दिनांक 15/07/2025**

सेवा में,

पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर
अपर पुलिस महानिदेशक,
वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 14.07.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना नगसर हाल्ट पुलिस टीम द्वारा 788.28 ली0 अवैध अंग्रेजी/देशी शराब व बियर (अनुमानित कीमत लगभग 04 लाख 50 हजार) के साथ 04 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियो के चलाए जा रहे अभियान के तहत टीम बनाकर सक्रिय अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों/वस्तुओं, अवैध शराब की गिरफ्तारी व बरामदगी के क्रम में दिनांक 13.07.2025 को थानाध्यक्ष नगसर मय हमराह के साथ चेकिंग के दौरान असांव रोड के पास वहद् ग्राम असांव से मुखबिर सूचना पर 04 नफर अभियुक्तों को दो ट्रैक्टर मय ट्रॉली गिरफ्तार किया गया। दोनों ट्रैक्टरों की तलाशी लेने पर ईंटो के बीच से 10 पेटी बियर(अंग्रेजी), 20 पेटी देशी(शराब), 55 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 04 लाख 50 हजार है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 37/2025 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –

1. हरिराम पुत्र स्व0 विलेश्वर राम नि0 नौली थाना रेवतीपुर गाजीपुर
2. छोटू पुत्र स्व0 बुधमल नि0 बोंगा लोहदरा थाना लोहदरा जनपद राची झारखण्ड
3. कृष्ण कुमार राम उर्फ डब्लू राम पुत्र स्व0 नरसिंह राम नि0 असांव थाना नगसर हाल्ट गाजीपुर
4. नारायण राम पुत्र स्व0 नन्द किशोर राम नि0 मोनहरिया थाना जमानियां गाजीपुर

अपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0 37/2025 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम थाना नगसरहाल्ट जनपद गाजीपुर

बरामदगी –

10 पेटी बियर (120 लीटर) , 20 पेटी देशी (192 लीटर) , 55 पेटी अंग्रेजी शराब विभिन्न ब्रांड्स (476.28 ली0)

कुल मात्रा – 788.28 ली (अनुमानित कीमत लगभग 04 लाख 50 हजार)

2. थाना रेवतीपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 88/2025 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 से सम्बंधित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। कब्जे से चोरी की 01 अदद साइकिल बरामद।

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 14.07.2025 को थानाध्यक्ष रेवतीपुर श्री रमेश कुमार पटेल मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर डेरा चकमोहम्मद खाँ वहदग्राम रेवतीपुर से अभियुक्त राहुल राय पुत्र स्व0 राधेश्याम राय निवासी ग्राम उधरनपुर थाना रेवतीपुर गाजीपुर उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी की की 01 अदद साइकिल बरामद की गई। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियक्तः-
1.राहुल राय पुत्र स्व0 राधेश्याम राय निवासी ग्राम उधरनपुर थाना रेवतीपुर गाजीपुर उम्र करीब 32 वर्ष।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-
1. मु0अ0सं0 88/2025 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर।

बरामदगीः-
चोरी की 01 अदद एवन साइकिल

3. थाना नन्दगंज पुलिस द्वारा 01 अदद नाजायज तमन्चा .315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 13.07.2025 को उ0नि0 श्री लालता प्रसाद यादव मय हमराह द्वारा मामूर होकर पहलवानपुर चट्टी पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था कि जनता के लोगों द्वारा सूचना मिली कि तीन संदिग्ध ईमिलिया गाँव के पास मौजूद हैं जिसमें से एक व्यक्ति के पास नाजायज तमन्चा व कारतूस भी है। इस सूचना पर चेकिंग कर रही पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुँचकर अभियुक्त सूरज कुमार पुत्र सुखराम निवासी ग्राम सिहोरी थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर को जनता के सहयोग से एक अदद नाजायज तमन्चा .315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्त के दोनों साथी मौके से भागने में सफल हो गये। प्रकरण में थाना नन्दगंज पर मु0अ0सं0 201/2025 धारा 351(3),131 बी0एन0एस0 व 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -
1. सूरज कुमार पुत्र सुखराम निवासी ग्राम सिहोरी थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब 25 वर्ष।

अपराधिक इतिहास-
1. मु0अ0सं0 201/2025 धारा 351(3),131 बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर

बरामदगी - एक अदद देशी तमंचा .315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर